हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 22 जून 2025

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

10 योग भारतीय संस्कृति की अनमोल विरासत : गोयत



10 पूरे विश्व में पीएम नरेंद्र मोदी ने दिलाई योग को पहचान



## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**जींद।** बरसोला स्टेशन के पास दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर शनिवार सुबह एक युवक की रेलगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। रेलवे पुलिस को शनिवार सुबह सूचना मिली कि बरसोला स्टेशन के पास 27 वर्षीय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया है उसकी मौके पर रही मौत हो गई है।

### कार की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**कैथल।** गांव फतेहपुर में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मारे जाने के कारण युवक की मौत हो गई। युवक अपनी बुआ के पास जा रहा था। जैसे ही फतेहपुर पहुंचा तो यह हादसा हो गया। इस संबंध में परिजनों ने पूंडरी थाना में कार ड्राइवर के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।गांव निम्नाबाद निवासी विजय ने पूंडरी थाना में दी शिकायत में बताया कि वे तीन भाई हैं।

### 5.20 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** सफीदों सीआईए स्टाफ ने हुडा सैक्टर में एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 5.20 ग्राम हेरोइन बरामद की है। शहर थाना पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि हुडा सैक्टर में एक युवक नशीले पदार्थ के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया है। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से 5.20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच शराब ठेकेदार का अंतिम संस्कार

# दादरी से रेंट पर ली थी गाड़ी, गुर्गों ने दिया वारदात को अंजाम,मौके से 13 खोल मिले

### शराब ठेकेदार को मारी थी छह गोलियां लगी, रैकी कर दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव खरकरामजी शराब ठेके पर बदमाशो द्वारा की अधांधुध फायरिंग गैगवार का परिणाम थी। जिसके लिए बकायदा रैकी गई और घटना को अजाम दे दिया गया। जिन लोगो पर शराब ठेकेदार की हत्या के आरोप लगे है। उनमे से अधिकाश जेल में बंद है। जिसमे मुख्य तौर राठी गैग का नाम आ रहा है। जिसके पिता पर अगस्त 2024 मे हमला हुआ था। जिसके आरोप मृतक शराब ठेकेदार बीरेद्र उर्फ बिंद्र व उसके साथियों पर लगे थे। मृतका का बड़ा भाई सुनील उफ शीलू भी अपराधिक मामलो में जेल मे बंद है। एक लबे अर्से के बाद गैगवार की मामला सामने आया है। हालाकि पुलिस ने आठ लोगो को नामजद कुछ अन्य के खिलाफ हत्या ,शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस की पांच टीम लगातार आरोपितो की गिरफतारी को लेकर सभावित ठिकानो पर छापेमारी कर रही है। गावं खरकरामजी निवासी शराब ठेकेदार विरेद्र उर्फ बिंद्र की शुक्रवार शाम को उस समय कार सवार बदमाशो अंधाधुध फायरिग कर हत्या कर दी। जब शराब ठेके पर बैठा हुआ था। विरेंद्र ने भाग कर जान बचाने की कोशिश भी की, लेकिन बदमाश पीछा करते रहे और गोलिया बरसाते रहे। विरेंद्र की हत्या को लेकर परिजनो का रोष भी झलका। परिजन चाहते थे कि जेल मे बंद मृतक के बड़े भाई सुनील उर्फ शिला को अतिम सस्कार में शामिल होने के लिए जेल से बाहर निकाला जाए, लेकिन ऐसा नही हो सका। समझाए जाने पर आखिरकार दोपहर बाद परिजन शव को ले जाने को राजी हुए। पोस्टर्माटम के दौरान नागरिक अस्पताल पुलिस छावनी बना रहा, तो अंतिम सस्कार के दौरान भी पुलिस बल वहा पर बना रहा और आसपास की गतिविधियो पर पैना नजर बनाए रखी। हत्या के बाद कार को वही छोड़ा, फिर लूटी दो बाइकः जब बदमाश शराब ठेकेदार की विरेंद्र की हत्या की वारदात को अजाम देकर भाग रहे थे तो बदमाशो की गाड़ी चबुतरे में जा भिड़ी। बदमाश गाड़ी को छोड़ कर पैदल भागे, फिर कुछ दूरी पर असलाह के बल पर बाइक लूट ली और फरार हो गए। जिसके बाद बदमाशों ने उस बाइक को रास्ते में छोड़ दिया और गांव चाबरी के निकट दूसरी बाइक को फिर से लूट लिया। हालाकि पुलिस ने बाइक मालिकों की शिकायत पर अज्ञात बदमाशो के खिलाफ लूट तथा शस्त्र अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए है।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का एक्सरे करवाने ले जाते हुए।

#### पुलिस की पांच टीमों का गठन किया

डीएसपी जितेंद्र राणा ने कहा कि आपसी रंजिश के चलते शराब ठेकेदार की हत्या की गई है। मृतक के साथी की शिकायत पर आठ लोगों को नामजद किया गया है। जबकि कुछ अन्य भी शामिल है। हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की पांच टीमों का गठन किया गया है, जो संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

#### ठेकेदार पर पहले भी हमला

दादरी से रेंट पर ली गई थी गाडी, गुर्गो ने दिया वारदात को अजाम पुलिस छानबीन के दौरान सामने आया कि हत्यारे जिस कार से आए थे और दुर्घटना ग्रस्त होने पर छोड़ा उसे दादरी से रेंट पर लिया गया था। जिस तरीके से वारदात को अजाम दिया गया । उससे भी साफ जाहिर है कि विरेंद्र ठेकेदार की रेकी की जा रही थी। दिंसबर माह में भी गांव पिडारा के निकट शराब ठेकेदार विरेद्र पर हमला हुआ था। उस वह बच गया था। जिन बदमाशो को हत्या के मामले में नामजद किया गया। वे जेल मे बंद है। जिन पर मुखबरी का आरोप है। गैंग से जुड़ाव के चलते उनसे रंजिश है। जिस प्रकार हत्या को अजाम दिया गया उससे जाहिर है कि हत्या के लिए गुर्गो का सहारा लिया गया है।

#### होली के रंग में हुआ था भंग

गांव खरक रामजी मे लगभग एक दशक पहले होली के दिन निराकार मदिर मेले मे रग मे भंग डला था। जिसके बाद खुनी सर्घष मे तब्दील हो गया। आपस मे गुटबाजी से गैगवार तक मामला जा पहुचा। जिसके चलते हत्याएं भी हुई, जानलेवा हमले भी हो चूके है। हांलाकि कुछ समय पहले भी मंदिर के मंहत से भी 20 लाख की फिरौती भी मांगी गई थी। जिसमे पुलिस ने कुछ युवको को गिरफ्तार भी किया था। घटना के बाद से गांव मे दहशत का माहौल बना हुआ है।

## फायरिंग में घायल दोनों सगी बहनों के ऑपरेशन

- घायल लड़कियों के वार्डों के बाहर पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव कालवा में गोली मारने से घायल हुई दोनों बहनों का शनिवार को पीजीआई रोहतक में ऑपरेशन किए गए। जो कि सफल रहे। हालांकि अभी भी दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। एसपी ने घायल लड़कियों के वार्डों के बाहर पुलिस को तैनात किया हुआ है। इसके अलावा पुलिस की चार टीमे आरोपित को ढूंढने में लगी हुई है। पुलिस ने आरोपित करनाल जिला के गांव पोपड़ा निवासी सुनील के खिलाफ हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज क लिया है। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम को कालवा निवासी 26 वर्षीय सीनू और 22 वर्षीय उसकी बहन रितु पिल्लूखेड़ा से घर जा रही थी। गांव में पहुंचते ही बहन के देवर ने उनको गोली मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई थी। दोनों बहनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया था।

## नपा चीका के पार्षद पर 50 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप

- एसीबी ने किया मुकदमा दर्ज रिकॉर्डिंग के आधार पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एंटी करप्शन ब्यूरो ने नगर पालिका चीका के वार्ड 14 पार्षद जितेन्द्र कुमार पर वोट के बदले नोट मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया है। जितेंद्र कुमार पर आरोप है कि उसने नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के खिलाफ लाए जाने वाले अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोट डालने की एवज में खुद व अपने दो साथी पार्षदों के लिए 50 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अंबाला ने इस संबंध में फिलहाल जितेंद्र के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान अगर अन्य पार्षद भी इस मामले में संलिप्त पाए तो उनके नाम भी एफआईआर में शामिल किए जाएंगे। ये मामला उस समय प्रकाश में आया जब चीका के हुडा कॉलोनी निवासी विजय कुमार ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत दर्ज करवाई। विजय ने बताया कि वह नपा अध्यक्ष रेखा और उपाध्यक्ष पूजा शर्मा का विश्वस्त सहयोगी है। उसने शिकायत में कहा कि कुछ समय से नपा में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की चर्चा चल रही थी। इस संदर्भ में तीन पार्षद — जितेन्द्र (वार्ड 14), हरीश उर्फ बब्बू (वार्ड 12) और राजेश ठाकुर (वार्ड 9) ने उससे यानि विजय से संपर्क किया और कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव में शामिल नहीं होंगे, बशर्ते उन्हें 50 लाख रुपये बतौर रिश्वत दिए जाएं। विजय ने बताया कि बातचीत के दौरान पार्षदों ने 6 लाख रुपये अग्रिम रूप से नकद देने की मांग की और बाकी राशि बाद में लेने की बात कही। शिकायतकर्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि बातचीत के सभी अंश उसने रिकॉर्ड कर लिए थे और वह यह रिकॉर्डिंग एंटी करप्शन ब्यूरो को सौंप चुका है। विजय ने आरोप लगाया कि जब पार्षदों को शक हुआ कि वह कानूनी कार्रवाई करा सकता है, तो उन्होंने रिश्वत लेने से इनकार कर दिया। लेकिन विजय कुमार ने रेखा रानी और पूजा शर्मा की सहमति से एंटी करप्शन ब्यूरो से संपर्क कर बनती कार्रवाई की मांग की।

#### मुकदमा दर्जः महेंद्र सिंह

जांच अधिकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह के अनुसार, रिकॉर्डिंग की जांच में प्रथम दृष्टया पाया गया कि पार्षद जितेन्द्र ने भ्रष्टाचार की मंशा से 50 लाख की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद 20 जून 2025 को एफआईआर नंबर 21 दर्ज की । /"प्राप्त रिकॉर्डिंग और तथ्यों के आधार पर पार्षद जितेन्द्र के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 7 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जांच में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है, तो उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

#### तीनों पार्षद भ्रमण पर

गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एकजुटता फोटो खिंचवाने के बाद आरोपों के घेरे में आए तीनों पार्षद अपने दो अन्य पार्षद मित्रों के साथ भारी गर्मी से निजात पाने के लिए देश के किसी ठंडे स्थान पर भारत भ्रमण के लिए निकल गए। जानकारी के अनुसार अभी तक वापस नहीं लौटे हैं। फिलहाल उनसे टिप्पणी के लिए फोन पर भी संपर्क नहीं हो पाया है।

#### अविश्वास प्रस्ताव पर संकट के बादल

जो 12 पार्षद डीसी को नपा उपाध्यक्ष पूजा शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की चिट्ठी देकर आए थे उनमें वार्ड 14 के पार्षद जितेंद्र कुमार व अन्य दोनों पार्षद भी शामिल हैं। समाचार सोशल मीडिया पर फैलते ही जितेंद्र ने मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया है। विरोधी पक्ष उनकी गिरफ्तारी के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा इसलिए लगता है की 3 तारीख का अविश्वास प्रस्ताव शायद ही से चढ़ पाए।


# BRCM EDUCATION SOCIETY
Bahal-127028, Bhiwani (HARYANA)
*Transforming Values with Commitment...*

BRCM HIGHER EDUCATION INSTITUTIONS | ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26

## BRCM COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
Engineering New Vision...
Estd. 1999
Approved by AICTE, New Delhi & Affiliated to MDU, Rohtak
Recognized Under Section 2 (f) & 12 (B) of the UGC Act, 1956)
NAAC Accredited B+ Grade with 2.67 CGPA
NBA Accredited In B. Tech CSE & EE

PROGRAMS OFFERED

B.Tech.
- Computer Science & Engineering
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering

M.Tech.
- Computer Science & Engineering
- Electrical & Electronics Engineering
- Structural Engineering

For Further Information Please Contact
Ph. No. - 8059900243, 8059900247
E-Mail : infocollege@brcm.edu.in
Website : www.brcmcet.edu.in

## GDC MEMORIAL COLLEGE
Your Potential - Our Passion...
Estd. 2011
Approved by Govt. of Haryana
Permanently Affiliated to Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani
NAAC Accredited 'B' Grade (Second Cycle)

COURSES OFFERED

UG Courses
- B.Com. (Pass)
- B.A. (Bachelor of Arts)
- B.Sc. (Life Science/Medical)
- B.Sc. (Phy. Sci./Non-Med./Comp. Sci.)
- BPES (Phy. Edu. and Sports)
- B.Sc. Agriculture (Hons.)

PG Courses
- M.Sc. - Mathematics
- M.Sc. - Physics
- M.Sc. - Chemistry
- M.Sc. - Geography
- M.A. - History
- M.Com.
- M.Sc. - Psychology* (*Proposed New Course)

For Further Information Please Contact
Ph. No. - 9992000335, 9992500750, 9991500408
E-Mail : infogdc@gdccollege.edu.in | Website : www.gdccollege.edu.in

## BRCM LAW COLLEGE
Where Knowledge is for Justice...
Estd. 2018
Approved by Govt. of Haryana and Bar Council of India, New Delhi
Affiliated to Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani

COURSES OFFERED
- LL.B. - 3 Years Course
- B.A.LL.B. - 5 Years Integrated Course
- LL.M. - 2 Years Course

Special Features
- Moot Court Competitions
- Internship Opportunities

For Further Information Please Contact
Ph. No. - 9991500274, 9992500397
E-Mail : infolawcollege@brcm.edu.in
Website : www.brcmlawcollege.edu.in

BRCM SCHOOL EDUCATION INSTITUTIONS | ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26

## BRCM PUBLIC SCHOOL
SHISHUKUNJ
CO-EDUCATIONAL SCHOOL AFFILIATED TO CBSE
JUNIOR WING
Ph. No. - 9992500733, 9992500507
E-Mail : infoshishukunj@brcm.edu.in | Website : www.brcmshishukunj.com

## BRCM GYANKUNJ SCHOOL
(Day-Cum-Boarding School)
CO-EDUCATIONAL SCHOOL AFFILIATED TO CBSE
SENIOR WING (Science, Commerce & Humanities)
Ph. No. - 9992500855, 9992206600
E-Mail : infogyankunj@brcm.edu.in | Website : www.brcmgyankunj.edu.in

## SAINIK SCHOOL SOCIETY
(MINISTRY OF DEFENCE)
has approved
BRCM SAINIK SCHOOL
Ph. No. - 9992500855, 9992206600
E-Mail : infogyankunj@brcm.edu.in | Website : www.brcmgyankunj.edu.in

www.brcm.edu.in | brcmgoi | brcmes | brcmes | brcmes | brcmes | vidyagram | brcmes

## खबर संक्षेप



### कॉलेज प्रबंधन कल्याण संघ शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा

**पूंडरी।** हरियाणा राजकीय सहायता प्राप्त कॉलेज प्रबंधन कल्याण संघ (पंजीकृत) के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चयनित चौ. तेजवीर सिंह ने जिंदल हाउस कैथल में कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिंदल से भेंट की और उन्हें मिठाई खिलाकर अपनी उपलब्धि की खुशी सांझा की। सांसद नवीन जिंदल ने तेजवीर सिंह को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में संघ शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सहायता प्राप्त कॉलेजों की चुनौतियों के समाधान हेतु वे सदैव सहयोग करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### जाट पीजी महाविद्यालय में योग शिविर लगाया

**कैथल।** जाट पी.जी. कॉलेज कैथल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एन.सी.सी कैडेट ने एकदिवसीय योग शिविर का आयोजन किया ,इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल जी, उप प्रधान बलजिंदर सिंह बनवाला, महासचिव रश्मि ढुल, खजांची बलकार नैन ने शिरकत किया। इस अवसर पर जाट पी.जी. कॉलेज प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार ढिल्लो सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री ने विश्व में जगाई योग की अलख

**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि योग एक साधना है, इसे सिर्फ एक दिन के लिए, बल्कि नियमित रूप से अपने जीवन में अपनाएं। अपने व्यस्त समय में से कुछ समय हमें अपने शरीर को भी देना चाहिए, ताकि हमारा शरीर और मन स्वस्थ रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग की अलख देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में जगाने का काम किया है। उसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी योग को बढ़ावा दे रहे है।

### पूंडरी शहर में गंदगी से हाल बेहाल

**पूंडरी।** पूंडरी शहर में बीते कुछ दिनों से नगर पालिका की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई दिखाई दे रही है। शहर की मुख्य गलियों और मोहल्लों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिनमें आवारा पशु मुंह मारते नजर आ रहे हैं। शहरवासी इससे बेहद परेशान हैं और घरों के बाहर रखे डस्टबिन भी अब कचरे से भर चुके हैं। स्थानीय निवासियों अमित, नीटू, सुभाष व अन्य ने बताया कि पिछले 5 दिनों से नगरपालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां नहीं आ रही।

### जिला जेल में मनाया गया योग दिवस

**कैथल।** 21 जून को माननीय महानिदेशक कारागार, हरियाणा के निर्देशानुसार व जिला शिक्षा अधिकारी, कैथल के सौजन्य से और अधीक्षक जेल, कैथल की अगुवाई में जेल में 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जेल में बन्द पुरूष बन्दियों को श्यामलाल मुख्याध्यापक रामावि दिल्लो वाली द्वारा योग अभ्यास करवाया गया व महिला बन्दिनियों को अनुराधा पीटीआई शेरगढ़ द्वारा महिला वार्ड में योग अभ्यास करवाया गया।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**कलायत।** कलायत में प्राचीन श्री ग्यारह रुद्री मंदिर परिसर में सात दिवसीय भागवत कथा का उमंग एवं उत्साह के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य कृष्णानंद ने श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से देश की प्राचीन संस्कृति से श्रद्धालुओं को रूबरू करवाया। आचार्य ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने पर बल दिया।

---

मुख्यमंत्री की अगुवाई में योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा अभियान चल रहा

# प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से भारत के योग व साधना की विद्या का लोहा आज पूरा विश्व मान रहा : कृष्ण लाल पंवार

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

हरियाणा के पंचायत एवं विकास, खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि योग दिवस पूरे विश्व को स्वास्थ्य एवं शांति का मार्ग दिखाने वाली भारतीय प्राचीन संस्कृति का उत्सव है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत की योग एवं साधना विधा का लोहा आज पूरा विश्व मान रहा है। हरियाणा में भी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा अभियान प्रदेश के लोगों को स्वस्थ बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मंत्री कृष्ण लाल पंवार शनिवार को कैथल की विस्तार अनाज मंडी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। यहां पहुंचने पर डीसी प्रीति सहित जिले के अधिकारियों ने मंत्री का अभिनंदन किया। अपने संदेश में मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सभी को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत ने विश्व को स्वास्थ्य और शांति का मार्ग दिखाया है। भारतवर्ष महापुरूषों, ऋषि-मुनियों तथा पीर पैगंबरों की धरा रही है। यहां समय-समय पर अनेक दिव्य आत्माओं ने जन्म लिया है और अपनी साधना व शिक्षाओं के माध्यम से लोगों को सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया हैं। उन विचारों से प्रेरित होकर अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं लंबे समय से लोगों को आध्यात्मिक एवं जीवन मूल्यों का संदेश देती आ रही हैं। उनमें से योग ऐसी ही एक जीवन शैली है, जिसको अपनाकर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता संभव हैं। योग दिवस पर आज पूरा विश्व योगमय हो रहा है। इस बात का श्रेय देश के यशस्वी, कर्म योगी एवं दूरदर्शी सोच के धनी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी को जाता है। योग सीखने की लालसा कई विदेशियों को भारत की ओर खींच रही है। आज दुनिया भी इस बात को स्वीकार कर चुकी है कि योग से जहां शरीर स्वस्थ होता है, वहीं योग से मन, बुद्धि का विकास होता है।



**कैथल।** खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार कैथल में योगा करते हुए।

#### फिट इंडिया, खेलो इंडिया की मुहिम

उन्होंने कहा कि मानव जीवन स्वस्थ हो इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया, खेलो इंडिया जैसी मुहिम देश में चलाई है, ताकि हमारा युवा नशे की लत में न पड़कर अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। भारत का यही संदेश इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शीर्ष वाक्य एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पूरे विश्व को दिया गया है। हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस शीर्ष वाक्य में एक ओर कदम बढ़ाते हुए योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा मुहीम चलाई है। जो प्रदेश के लोगों को स्वस्थ रखने की दिशा में बड़ा कदम है।





**कैथल।** योग के करतब दिखाते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

#### राज्यगीत से कार्यक्रम का आगाज

कार्यक्रम का आगाज हरियाणा राज्य गीत से हुआ। इसके बाद सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा तैयार की गई डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कुरुक्षेत्र से सीएम नायब सिंह सैनी के संबोधन का लाइव प्रसारण भी किया गया। उन्होंने देशवासियों को योग दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग विशेषज्ञ एचएस हुड्डा ने योग करवाया। जिसमें मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व विधायक लीला राम, जिला अध्यक्ष भाजपा ज्योति सैनी, भाजपा नेता अशोक कुमार गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, सुरेश संधू, आदित्य भारद्वाज, डीएसपी सुशील कुमार, अमरजीत छाबड़ा, हरपाल क्योड़क सहित प्रशासनिक अधिकारियों में डीसी प्रीति, एसपी आस्था मोदी, आरटीए गिरीश कुमार, एनसीसी, एनएसएस स्वयं सेवकों सहित जिले भर से हजारों लोगों ने एक साथ योग किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने सभी को स्वास्थ्य को लेकर शपथ दिलवाई।



**कैथल।** श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत के स्टाफ सदस्य योगाभ्यास करते हुए *फोटो : हरिभूमि*

## योगाभ्यास स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक लाभकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत (कैथल) में 11वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्व छात्र सीमा को योग प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया। सीमा के साथ महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों (टीचिंग और नॉन टीचिंग) ने सुबह 7:00 बजे योगाभ्यास किया। छात्रा सीमा ने सभी को योग के नियम बताते हुए सूर्य नमस्कार, कपालभाति व अन्य अभ्यास करवाए गए।

### एडीआर सेंटर में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष मैहला के आदेशानुसार शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसका आयोजन वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र के सभागार में किया गया। इस योग शिविर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुपमीश मोदी, अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) वीरेन कादयान, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रिंस कुमार, कैथल जिला बार एसोसिएशन के सदस्य व कर्मचारी मौजूद रहे।

## योग दिवस का महत्व बताया

- ब्रह्माकुमारी आश्रम राजौंद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

ब्रह्माकुमारी आश्रम राजौंद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान योग कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनों ने राजयोग के लिए भाई बहनों को आवाहन किया। कार्यक्रम में पीटीआई टीचर आस्था बहन तथा पीटीआई टीचर जय प्रकाश ने योगा एक्सरसाइज करवाई और योग व प्राणायाम से हम कैसे स्वस्थ रह सकते हैं इस बारे बताया। योग एक ऐसी विधि है जिससे व्यक्ति अपने आप को शारीरिक बीमारियो से दूर रख सकता है।ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि हमारे जीवन में खुशहाली के लिए शारीरिक योग के साथ-साथ मानसिक योग भी बहुत जरूरी है। शारीरिक योग से तो शरीर स्वस्थ रहता है लेकिन अगर हमारा मन कमजोर रहे तो इस शारीरिक योग का भी कोई फायदा नहीं है। उन्होंने कहा कि सब अपने-अपने शरीर को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज करते हैं लेकिन फिर भी सब दुखी,अशांत हैं,अगर मन शाांत और खुश होगा तो उसका प्रभाव शरीर के ऊपर भी पडेगा और फिर शरीर भी स्वस्थ रहेगा। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए तो हम योग करते हैं ऐसे ही मन को स्वस्थ रखने के लिए राजयोग चाहिए ।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए भाई बहन व ब्रह्माकुमारी बहने। *फोटो : हरिभूमि*

## गुहला, सीवन व राजौंद में मना योग दिवस

**गुहला चीका, सीवन, ढांड, राजौंद।** जिला में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग के तहत जिला के सभी खंडों में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुहला चीका अनाज मंडी, राजौंद अनाज मंडी, ढांड में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा सीवन खंड में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साधकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और योग क्रियाएं की। गुहला में एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, राजौंद में एसडीएम अजय कुमार, सीवन में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कंवर दमन तथा ढांड में तहसीलदार रविंद्र हुड्डा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि नियमित योगाभ्यास करने से शरीर व दिमाग तंदुरुस्त होता है तथा मन को शांति मिलती है। हम योग को अपनाकर एक संतुलित जीवन का निर्वहन कर सकते हैं। आज दुनिया के सभी वर्ग जिस योग को जीवन का आधार मान रहे हैं। योग हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा दी गई प्राचीन विद्या है, जिसे अपनाकर मनुष्य अपने जीवन को सुखमय बना सकता है। इसी के फलस्वरूप अब संसार के विभित्र हिस्सों से साधक योग साधना सीखने के लिए भारत में आते हैं। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज पूरा विश्व योगमय हो रहा है। इस अवसर पर गुहला कार्यक्रम में डीएसपी कुलदीप बैनीवाल, नायब तहसीलदार बंसीलाल, डॉ. विक्रमजीत सिंह, मार्किट कमेटी सचिव सतबीर राविश, एसडीओ इंद्राज पंवार, डां एश्वर्या, योग सहायक सुखदेव, संदीप व रवि, विनोद, निशा, सहित विभिन्न स्कूलों के अध्यापक, पीटीआई आदि मौजूद रहे।



**गुहला चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह योगासन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### शरीर रहेगा स्वस्थ

राजौंद मंडी में एसडीएम अजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरा विश्व भारत की योग और साधना विद्या का लोहा मानता है। विदेशों में योग को सीखने की इच्छा जाग गई है। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने सत्यार्थ प्रकाश में लिखा है कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और आज दुनिया भी इस बात को स्वीकार कर चुकी है कि योग से शरीर स्वस्थ होता है।जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कंवर दमन ने सीवन में आयोजित योग कार्यक्रम में यौगिक क्रियाएं करने के उपरांत कहा कि शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। योग करने से जहां रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ती है, वहीं शरीर में स्फूर्ति रहती है।

## हजरस का प्रतिनिधिमंडल पंवार से मिला

- पंचायत मंत्री ने मांगों को लेकर शिक्षकों को आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

हरियाणा अनुसूचित जाति राज्य अध्यापक संघ (हजरस) का प्रतिनिधिमंडल हजरस के राज्य संयोजक दलबीर राठी व राजबीर पाई जिला प्रधान कैथल के नेतृत्व में पंचायत एवं विकास मंत्री हरियाणा सरकार कृष्ण लाल पंवार से अम्बाला रोड़ कैथल में मिला और ज्ञापन सौंपा।

अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के मिडल स्कूल हैडमास्टरों के रिवर्सन आदेश को वापिस करवाने को लेकर हजरस के राज्य संयोजक दलबीर राठी ने मंत्री के सामने विस्तार से जानकारी रखी और मंत्री महोदय ने सभी बातों को ध्यान पूर्वक सुना।

मंत्री महोदय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस मामले में मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव हरियाणा से मिलकर उचित कार्यवाही करवाएंगे। निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला के के माध्यम से हरियाणा के अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के 317 मौलिक स्कूल मुख्य अध्यापकों को रिवर्ट करने के आदेश जारी किए हैं उक्त आदेश न केवल न्यायिक प्रक्रियाओं की अवहेलना करते हैं बल्कि अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के शिक्षकों के संवैधानिक अधिकारों का घोर उल्लंघन भी करते हैं। कृपया निम्नलिखित बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करें।



**कैथल।** हजरस का प्रतिनिधिमंडल कृष्ण लाल पंवार को ज्ञापन सौपते हुए।

#### ये बोले शिक्षक

**न्यायालय की अवमानना:-** वर्ष 2019 में प्रतिशत के मामले में जिन अध्यापकों को पूर्व में रिवर्सन आदेश प्राप्त हुए थे उन्हें माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त है। ऐसे में विचाराधीन मामले में **विभाग द्वारा पुन:** रिवर्ट का निर्णय लेना न्यायालय की अवमानना है। वर्तमान में रिवर्ट किए गए शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी नहीं किया गया जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत एवं सेवा नियमों का सीधा उल्लंघन है विभाग के पत्र में नया ऑर्डर बताया गया है तो सभी को रिवर्ट करने से पहले कारण बताओं नोटिस देना चाहिए था न कि सीधे रिवर्ट करना यह संविधान व सेवा नियमों का उल्लंघन है।यह अत्यंत खेदजनक है कि सामान्य वर्ग के अनेक प्रधानाचार्य, हाई स्कूल मुख्य अध्यापक एवं मौलिक स्कूलों में कार्यरत है।

## कौल कॉलेज में आंदोलन जारी

- इनेलो नेता रामपाल माजरा पहुंचे समर्थन में

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, कौल में छात्र-छात्राओं का धरना शुक्रवार को 11वें दिन भी जारी रहा। छात्र अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संस्थान प्रशासन के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीती रात लगभग 200 छात्रों ने अपनी परीक्षा का बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया। छात्रों ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर, हाथों में प्रदर्शन किया जैसे स्लोगनों वाले बैनर थामे गांव की गलियों में शांतिपूर्ण मार्च निकाला। यह प्रदर्शन प्रशासन की अनदेखी और कुछ अधिकारियों के व्यवहार के विरोध में किया गया।

धरना स्थल पर छात्रों को विभिन्न राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिल रहा है। शुक्रवार को इंडियन नेशनल लोकदल के वरिष्ठ नेता रामपाल माजरा धरना स्थल पर पहुंचे और छात्रों की मांगों का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने छात्रों को भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे को उचित मंचों पर उठाएंगे। इस मौके पर छात्र नेता मौजूद रहे।



**कैथल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कौल में छात्रों को समर्थन देते इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा। *फोटो : हरिभूमि*

विधायक ने युवाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया

## जब युवा पढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा : जांबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

श्री बालाजी जन कल्याण समिति ढांड द्वारा बालाजी धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हल्का विधायक सतपाल जांबा ने शिरकत की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर समिति और ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। समिति की ओर से पृथ्वी प्रजापति ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति प्रधान जयपाल पंवार ने की, जबकि मंच संचालन मास्टर संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों ने विधायक को एक मांगपत्र सौंपा, जिसमें प्रमुख रूप से धर्मशाला के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करवाने हेतु सरकारी अनुदान दिलाने, सरदार पटेल पुस्तकालय में सीटों की संख्या बढ़ाने तथा इसे दूसरी मंजिल पर स्थानांतरित करने की मांगें शामिल थीं। समिति ने यह भी आग्रह किया कि पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए अतिरिक्त सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं। विधायक सतपाल जांबा ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज की असली ताकत है, और जब युवा पढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित समाज ही राष्ट्र निर्माण की नींव रखता है, और वे शिक्षा के क्षेत्र में हरसंभव सहयोग देने को प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर समाज सेवा की ऐसी पहलें प्रेरणादायक हैं।



**ढांड।** श्री बालाजी जन कल्याण समिति ढांड विधायक सतपाल जांबा का स्वागत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### पुस्तकालय का निरीक्षण किया

कार्यक्रम के उपरांत विधायक जांबा ने बालाजी धर्मशाला में संचालित सरदार वल्लभ पटेल पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय में मौजूद छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। विद्यार्थियों ने पुस्तकालय के सीमित समय पर चिंता जताई। इस पर विधायक ने मौके पर ही घोषणा की कि पुस्तकालय के संचालन समय में वृद्धि की जाएगी। उन्होंने वहां नियुक्त पुस्तकालय संचालिका मैडम को निर्देश दिया कि छात्रों को पढ़ाई के लिए अधिक समय मिले, इसके लिए समय बढ़ाया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त कार्यभार के लिए वे अपनी तनख्वाह से अलग निजी कोष से प्रति माह 4 हजार पुस्तकालय संचालिका को देंगे।

### केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे

**कैथल।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व सीटू ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर जवाहर पार्क स्थित संगठन कार्यालय में जिला कोर ग्रुप की सयुक्त बैठक की। इसकी अध्यक्षता सयुक्त रूप से एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण व सीटू के जिला सचिव नरेश रोहेड़ा ने और संचालन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य मे लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और कर्मचारियों,परियोजना कर्मियों ,मजदूरों व आम मेहनतकश जनता की उपेक्षा के साथ-साथ लगातार वादाखिलाफी कर रही है, जिसे बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा। एसकेएस और सीटू राज्य सरकार को मांगपत्र भेजकर बातचीत से समाधान करने की अपील कर चुके है,लेकिन सरकार बातचीत से समाधान करना नही चहती ओर इससे कर्मचारियों,मजदूरों और परियोजना कर्मियों मे लगातार अक्रोश बढ रहा है।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव काकौत में पंचायत द्वारा स्कूल के सामने वाले तालाब (रिजर्व) व हनुमान मंदिर वाले तालाब में मछली पालन हेतु बोली 2 जुलाई 2025 को सुबह 11 बजे ग्राम सचिवालय काकौत में करवाई जाएगी!

बोली के नियम व शर्तें मौके पर बता दिए जाएंगे!

सरपंच : कर्ण सिंह
मो. 99920-72210
ग्राम सचिव : राजेश कुमार
मो. 90347-46172



जींद। सीआरएसयू में आयोजित जिलास्तरीय योग कार्यक्रम में योग करते योग साधक व मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो: हरिभूमि।


जींद। शिव पब्लिक स्कूल में योग करते साधक


जींद। सीआरएसयू में जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री कृष्ण बेदी।

## खबर संक्षेप

### जून माह में नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई

**कैथल।** जिला पुलिस ने जून माह में 20 दिन मध्य 11 मामलो में 13 आरोपियों को काबू करके भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किए। एसपी आस्था मोदी ने बताया कि 3 जून को चौकी रामथली पुलिस द्वारा 2 आरोपियों को 1 किलो 45 ग्राम गांजा सहित काबु किया गया। एंटी नारकोटिक सैल द्वारा 5 जून को थाना शहर क्षेत्र से एक आरोपी को 640 ग्राम गांजा सहित काबू किया गया। 7 जून को चौकी पूंडरी पुलिस द्वारा एक आरोपी को 914 ग्राम गांजा सहित काबू किया गया। 8 जून को एंटी नारकोटिक सैल, एंटी व्हीकल थेफ्ट व थाना ढांड पुलिस ने 3 मामलों में 3 आरोपियों को काबू कर 525 ग्राम चुरापोस्त पकड़ा।

### लेबर ठेकेदार साढ़े तीन लाख लेकर हुआ फरार

**जींद।** गांव हमीरपुर से मेटिरियल सप्लायर फर्म का लेबर ठेकेदार साढ़े तीन लाख रुपये की नगदी लेकर फरार हो गया। सदर नरवाना पुलिस फर्म के अकांउटेंट की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हमीरगढ़ निवासी संदीप ने बताया कि वह मेटिरियल सप्लायर फर्म में अकांउटेंट का कार्य करता है। ठेकेदार चामटा कूच पश्चिम बंगाल निवासी सिकंदर मिया देखते थे। गत दिवस वह चार लाख की नगदी को तिजोरी में रख जींद चला गया। उसने तिजोरी की चाबी उसके नीचे रखी थी। जब शाम को वह वापस फर्म में पहुंचा तो तिजोरी खुली थी। उसमें से साढ़े तीन लाख रुपये गायब थे। सिकंदर मिया में भी फर्म ने नजर नही आए। जब उसने सिकंदर मिया के फोन पर काल की तो वह स्विच ऑफ मिला।

### भारत के ऋषि, मुनियों की एक अमूल्य धरोहर योग : कृष्ण बेदी

# योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर हजारों साधकों ने एक साथ किया योग

सरकार ने योग के व्यक्तिगत अभ्यास को दिया जन आंदोलन का रूप
सीआरएसयू में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. जींद


जींद। सीआरएसयू में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते योग साधक।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि योग भारत के ऋषि मुनियों की अमूल्य धरोहर है। योग से शरीर एवं मन, विचार एवं कर्म, आत्मसंयम एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा मानव व प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। हरियाणा सरकार ने योग के व्यक्तिगत अभ्यास को एक जन आंदोलन में बदलने का काम किया है। आज प्रदेशभर में लाखों नागरिक योग से जुड़ी गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को योग की दिव्यता का आभास करवाया है।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में जिला स्तरीय 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि योग केवल व्यायाम नही है बल्कि स्वयं के साथ विश्व और प्रकृति के साथ एकत्थ खोजने का भाव है। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता उत्पन्न करता है तथा प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने में सहायक हो सकता है।

उन्होंने कहा कि योग का एक अर्थ जोडऩा भी होता है। इससे हमें एक-दूसरे को आपस में एक साथ मिलकर काम करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। यदि जनप्रतिनिधि व सरकारी अधिकारीगण एक-दूसरे के साथ जुड़ कर काम करेंगे तो प्रदेश की उन्नति में कोई रुकावट नहीं आएगी। आजकल देखने में आ रहा है कि हर कोई नकारात्मक सोच से परिपूर्ण है, जोकि समाज की उन्नति के लिए घातक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि व्यक्ति को दूसरों के लिए निरर्थक नही बल्कि सार्थक बनना चाहिए। योग की यह सुक्ति हम सभी के लिए मार्गदर्शन करने में बहुत उपयोगी सिद्ध होती है। इसलिए हमें भी अपना जीवन सार्थक बनाने के लिए दूसरों के प्रति अपनी संवेदनाओं को जोड़ कर बोलना चाहिए यही योग है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री ने पहली बार दुनिया को योग की दिव्यता का आभास करवाया और संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। जिसे दुनिया के 177 देशों ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी। जिनमें संसार के 47 से अधिक मुस्लिम देश शामिल थे। उन्होने भी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना स्वीकार किया। इसके फलस्वरूप 21 जून को भारत सहित पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा। उन्होंने कहा कि योग के प्रभाव से ही आज दुनिया में मानवादी ताकत को बत मिला है और दुनिया शांति का मार्ग प्रशस्त कर रही है। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ मनुष्य ही देश के विकास में भागीदार हो सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज योग की पहुंच हरियाणा के जन-जन तक हो गई है।

इस वर्ष राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं योग गुरु बाबा रामदेव ने शिरकत की। सरकार ने भी योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य में 714 व्यायामशालाओं का निर्माण किया। जिनमें 877 आयुष योग सहायकों की नियुक्ति की जा चुकी है। आज के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 11वें संस्करण का थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हैल्थ है। यह थीम हमें याद दिलाती है कि मानव का स्वास्थ्य पर्यावरण और समस्त जीव जंतुओं के स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा हुआ है।

### पीएम के प्रयासों से विश्व में पहुंचा योग: शर्मा

**जींद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रोहतक रोड स्थित शिव पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री वृंदा शर्मा ने बताया कि योग को अपना कर एक स्वस्थ जीवन व स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके प्रयासों के परिणामस्वरूप आज पूरा विश्व योगमय होकर अच्छे स्वास्थ्य की ओर अग्रसर हो रहा है व साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी जन- जन तक योग को पहुंचाने के लिए भी आभार व्यक्त किया। इस योग दिवस के अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने विभिन्न प्रकार के योगासन व प्राणायाम किए व लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया। वृंदा शर्मा ने कहा कि योगासन के द्वारा मनुष्य का तन व मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र के निर्माण व संचालन में अपना योगदान दे सकता है। इसलिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए व अपने राष्ट्र संचालन में अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके पर सुषमा, पूनम, पुष्पा, मयंका, कीर्ति, मुकेश मालिक, प्रीति सैनी, पूजा ढुल, बीनू लोहान, स्वस्ति कौशिक, स्वीटी, मोनिका मालिक, रीना, अंजली, कमलेश, सरिता, सिमरन, ईश्वर सिंगला, हिमांशु बंसल आदि व्यक्ति मौजूद रहे।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एएसपी सोनाक्षी सिंह, जींद एसडीएम सत्यवान सिंह मान, सीईओ जिप अनिल दून, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. रामपाल सैनी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डा. राज सैनी, भारत भूषण टांक, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी अमित रोहिल्ला, गोविंदा इत्यादि अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीभगवान मिनिस्ट्रियल एसो. के प्रदेशाध्यक्ष बने


जींद। बैठक में श्रीभगवान लाठर को कार्यकारी राज्य प्रधान नियुक्त करने पर स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

- हरियाणा रोडवेज मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन ने की प्रदेशस्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा रोडवेज मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन की राज्य और सभी डिपो कार्यकारिणी की बैठक डिपो यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान जयभगवान कादियान ने की और मंच संचालन महासचिव वीरेंद्र लोहिया ने किया। बैठक में सर्व प्रथम हरियाणा के सभी डिपो में यूनियन की मजबूती के लिए जुलाई महीने में सदस्यता अभियान चलाए जाने की सहमति बनी। सदस्यता अभियान के बाद सभी डिपो में नई कमेटियों के गठन हेतु चुनाव प्रक्रिया चलाई जाएगी। तत्पश्चात राज्य कार्यकारणी के चुनाव संपन्न करवाए जाएंगे।

राज्य प्रधान जयभगवान कादियान के स्वास्थ्य कारणों के मध्यनजर बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि यूनियन के संविधान अनुसार यूनियन के आगामी चुनावों तक राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीभगवान लाठर को कार्यकारी राज्य प्रधान नियुक्त किया जाता है। नव नियुक्त राज्य प्रधान श्रीभगवान ने कहा कि वो समस्त डिपुओं और राज्य कार्यकारणी को साथ लेकर प्रदेश के रोडवेज लिपिकों की लंबित पड़ी सभी मांगों और समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाएंगे।

कुछ समय पूर्व रोडवेज कर्मचारियों के ऑनलाइन ट्रांसफर में स्थानांतरित हुए कर्मचारियों को एचआरएमएस पोर्टल में रिलीव न करने के कारण वेतन रुका हुआ है। जिस कारण उनको पारिवारिक जिम्मेदारी निभाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा है। इसके अतिरिक्त सभी पदों पर लंबित पड़ी पदोन्नति करवाने, लेखाकार, सहायक, जूनियर ऑडिटर, एसए तथा अधीक्षक के पदों पर पदों पर शीघ्र पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करवाने बारे चर्चा की गई तथा सहायक के पदों की संख्या बढ़वाने बारे विभाग के उच्च अधिकारियों से शीघ्र बैठक करते हुए समाधान करवाया जाएगा। संगठन को मजबूत करने हेतु जल्दी ही राज्य कमेटी द्वारा आगामी समय में सभी डिपो का दौरा करते हुए महाप्रबंधक स्तर की समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। बैठक को रतन जांगड़ा, रामचरण शर्मा, विजय ढोंचक, सतीश कुमार, ओम सिंह सांगवान, जींद डिपो प्रधान सोमबीर जांगड़ा सहित अन्य कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

# डीबीके स्कूल के 21 दिवसीय मेगा समर कैंप का समापन

- एडवांस लेवल तक की तैराकी कौशल का किया अद्भुत प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना


नरवाना। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे।

डीबीके इंटरनेशनल स्कूल नरवाना द्वारा आयोजित 21 दिवसीय मेगा समर कैंप का समापन समारोह अत्यंत भव्य और प्रेरणादायक रहा। इस समापन कार्यक्रम में सभी कैंपर्स के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया थाए जिससे एक विशाल और उत्साहपूर्ण सभा ने इस कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत शानदार स्विमिंग शो से हुई जिसमें छात्रों ने बेगिनर से लेकर एडवांस लेवल तक की तैराकी कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसके बाद स्केटिंग शो में क्वाड्रा और इनलाइन स्केटिंग का जोरदार मुकाबला हुआ जिसमें बच्चों ने अपनी मेहनत और संतुलन का बेहतरीन परिचय दिया। कराटे शो में छात्रों ने कातास और आत्मरक्षा की तकनीकों को प्रस्तुत किया जिसे देखकर सभी अभिभावक मंत्रमुग्ध रह गए। इसके पश्चात म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा और फिर जोश और उत्साह से भरपूर डांस शो ने कार्यक्रम को चरम पर पहुँचा दिया। डांस शो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा जिसे सभी ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान डॉण चमनलाल ;प्रख्यात शिक्षाविद्धए डॉण हितेशी कुंडूए डॉण विनोद सहित कई अभिभावकों ने समर कैंप की उपयोगिता और बच्चों के सर्वांगीण विकास में इसकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कैंप संयोजिका श्रीमती प्रिया कुकरेजा ने बच्चों की कड़ी मेहनत और कोचेज़ के उत्कृष्ट प्रशिक्षण की सराहना की। कैंप निदेशक राजेश शर्मा ने समयबद्ध जीवनशैली की महत्ता पर बल दिया और सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# गोसाई खेड़ा गुरुकुल में योग दिवस पर शिक्षकों और बच्चों ने किया योग

- योग साधकों को कार्यक्रम में योग के महत्व की दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 फाल्कन गुरुकुल, गोसाई खेड़ा के प्रांगण में मनाया गया। 21 जून को फाल्कन क्लासेस व फाल्कन गुरुकुल के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रातःकाल फाल्कन गुरुकुल के प्रांगण में एकसाथ विभिन्न योगासन करके योग दिवस को बहुत ही उत्साह से मनाया। सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने फाल्कन क्लासेस कि अकादमिक हेड एवं काउंसलर नीलम मैम के निर्देशन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम क्रियाएं, सूर्य नमस्कार व मेडिटेशन किया। फाल्कन क्लासेस के निर्देशक मिस्टर नरेंद्र नैन ने योग का महत्व बच्चों को बताया और अपने जीवन में प्रतिदिन योग को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। सह निदेशक अभिषेक जायसवाल ने बच्चों को बताया कि योग के माध्यम से अपनी एकाग्रता को कैसे बढ़ाया जा सकता है और सफलता हासिल की जा सकती है। फाल्कन क्लासेस पिछले पांच वर्षों से जींद में बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे कि नीट आईआईटी,जेईई मेंस/एडवांस सीयूईटी, एनडीए, ओलंपियाड और बोर्ड के लिए तैयारी करवा रहा है। यहां से पास आउट 100 विद्यार्थी देश के जाने माने आई आई टी, एन आई टी, डी टी यू, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में और विभिन्न सरकारी संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे है। फाल्कन गुरुकुल के सभी अध्यापक और अन्य स्टाफ मेंबर उपस्थित रहे और सभी ने 'एक धरती एक स्वास्थ्य' अभियान के तहत योगाभ्यास के साथ साथ पौधरोपण करके योग दिवस उत्साह से मनाया।

# सबका साथ, सबका विकास की नीति पर हो रहा काम: बेदी

- पदार्थ खेड़ा गांव में पीएम मोदी के 11 साल पूरे होने पर ग्रामीणों को किया संबोधित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना


नरवाना। मंत्री बेदी को स्मृति चिन्ह देते हुए।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि केंद्र व प्रदेश सरकार में भाजपा में सेवाए सुरक्षा, गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल रहे हैं। पढ़े लिखे होनहार युवाओं को मैरिट के आधार पर रोजगार मिल रहा है। पूरे देश में एमएसपी पर किसानों की फसलें खरीदी जा रही है और अगले 24 घंटों के अदंर किसानों की फसलों की पूरी अदायगी भी केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी विधानसभा क्षेत्र के गांव पदार्थ खेड़ा के प्राथमिक पाठशाला में आयोजित मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने गांव में स्थित गुरूद्वारा में 11 लाख रुपये देने की घोषणा की और गांव के विकास कार्यों के लिए अलग से एक करोड़ रूपये की धनराशि भी देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने गांव की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। नरवाना विधानसभा क्षेत्र में आज सभी सुविधाएं मिल रही हैं और आपकी सभी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। पूरी ईमानदारी के साथ सबका साथ.सबका विकास और सबका विश्वास जीतने की नीति पर काम किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि चुनाव से पहले जो वादे सरकार ने किए थे।

### कलायत पहुंची हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान

# योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज. कलायत



हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान ने कहा कि योग युक्त और नशा मुक्त भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाकर देश को एक नई दिशा प्रदान की जा सकती है। इसलिए देश में पीएम नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में योग एक बड़ा जन आंदोलन बन रहा है। इससे भारत देश की प्राचीन योग परंपरा मजबूत हो रही। इससे नशे को जड़ों से उखाड़ते हुए युवाओं को सफलता की उड़ान भरने की राहें मिलेंगी। चेयरपर्सन शनिवार को कलायत लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी।

उन्होंने अनाज मंडी में खंड स्तर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। चौहान ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनने के लक्ष्य से अब ज्यादा दूर नहीं है। जरूरत इस दिशा में हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता को बनाए रखने की है। सांझे प्रयासों से देश को विश्व का सिरमौर बनने से भला कौन रोक सकता है। उन्होंने कहा के देश के ग्रामीण एवं शहरी अंचल में योग की अलख जग रही है।

स्वस्थ जीवन का यह मूल मंत्र हर तरफ खुशहाली और उमंग का पैगाम है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के दौरान एसडीएम अजय हुड्डा, नायब तहसीलदार महेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, राज्य बाल संरक्षण आयोग सदस्य सुमन राणा, श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी अध्यक्ष डा.प्रीतम कौलेखां, युवा भाजपा नेता अजीत चहल, रवींद्र धीमान, पंतजली योग समिति तहसील प्रभारी सुशील कुमार कंसल, आयुष विभाग से डा.सुनीता, डा.प्रमोद, योग सहायक सविता, विर्जेंद्र सिंह व रवि प्रकाश गर्ग मौजूद रहे।

चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान का नगर में पहुंचने पर पार्षद कुमारी रेणू धानियां, कुलदीप दहिया, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, महीपाल पंवार, जगदीश रायका, संजय ड्कूषसगला, विनोद जेष्ठ, रवींद्र निर्मल बंटी, संजय धीमान, अनिल कुमार व अन्य गणमान्य लोगों ने परंपरा अनुसार स्वागत किया। बोर्ड चेयरपर्सन के समक्ष कई पार्षदों ने सरकार की कल्याणकारी योजना का लाभ पात्रों को प्रभावी ढंग से देने की मांग की। उन्होंने कहा कि कलायत में करीब एक वर्ष पहले मजदूर बलजीत सिंह की मौत हो गई थी। सरकार की दीन दयाल उपाध्याय नीति अनुसार मृतक के परिजनों को लाभ नहीं मिल रहा पा रहा है।

सुमित्रा चौहान ने कहा कि विभिन्न वर्गों से जुड़ी पेंशन व अन्य कल्याणकारी योजनाओं की समय-समय पर समीक्षा की जा रही है। लक्ष्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंमित छौर तक पहुंचाना है। किसी पात्र को लाभ मिलने में देरी नहीं होने दी जाएगी। इसके साथ ही चेयरपर्सन के साथ विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा हुई। उनके संज्ञान में नगर पालिका अधिकारियों द्वारा कार्यालय में विवादित नोटिस चस्पा करने का मुदद उठा। इस पर उन्होंने एसडीएम को कार्यवाही के निर्देश दिए।

### रोडवेज बस ने एक व्यक्ति को कुचला

**कैथल।** गांव सिसमोर में हरियाणा रोडवेज की बस द्वारा कुचले जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव सिसमोर के 2 वर्षीय नरेश कुमार के रूप में की गई है। नरेश कुमार अपने किसी काम से गांव की मुख्य सड़क पर जा रहा था। उसी समय बस ने उसे टक्कर मारी, जिससे वह नीचे गिर गया और बस की पिछला टायर उसके ऊपर चढ़ गया। गांव के लोगों ने तुरंत व्यक्ति के परिजनों और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति को जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना शुक्रवार देर रात की है। पुलिस परिजनों की शिकायत पर बस ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

शिकायत अनुसार सिसमौर गांव निवासी लगभग 42 वर्षीय नरेश की मौत हुई है।

### मोहित लाठर बने कांग्रेस के छात्र संगठन के महासचिव

**जुलाना।** कांग्रेस पार्टी में संगठन निर्माण का कार्य जोरों पर है। युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस का गठन हो चुका है और बची हुई नियुक्तियां जल्द होंगी। इसी कड़ी में जुलाना से पूर्व मंत्री सत्यनारायण लाठर के पोते मोहित लाठर को कांग्रेस के छात्र संगठन (एनएसयूआई) का हरियाणा प्रदेश का महासचिव बनाया गया है। इससे पहले मोहित लाठर ने हरियाणा युवा कांग्रेस में भी महासचिव के पद पर रहकर कार्य किया है और कांग्रेस ने उन्हें प्रवक्ता भी नियुक्त किया हुआ है। मोहित ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसको पूरी निष्ठा से निभायेंगे और पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे, ताकि पार्टी को मजबूती दी जा सके।


मोहित लाठर


## जाट हाई स्कूल सोसायटी, कैथल

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की जाट हाई स्कूल सोसायटी के पास चालू अवस्था में एक स्कूल बस है जिसका मॉडल 2010 है सीट 40+1=41, टाटा कंपनी की है जिसका परमिट नवंबर 2025 में समाप्त होगा इसके सभी कागजात नवंबर 2025 तक पूर्ण है | इस बस को बेचने के लिए बोली 04 जुलाई 2025 सुबह 11:00 बजे सोसाइटी ऑफिस में रखी गई है।

बोलीदाता के लिए सिक्योरिटी फीस ₹20000 होगी जो कि बाद में वापस दी जाएगी इच्छुक व्यक्ति सोसायटी ऑफिस में संपर्क करें।

मोबाइल नंबर 7015239059

कवर स्टोरी
संजय श्रीवास्तव

# पालतू जानवरों से बढ़ता लगाव
# देश में उभरता नया पेट कल्चर

हाल के वर्षों में महानगरों से लेकर छोटे शहरों और कस्बों में रहने वालों में भी पेट कल्चर यानी पालतू जानवरों के प्रति लगाव तेजी से बढ़ रहा है। यही वजह है कि इससे जुड़े बाजार में भी वर्ष दर वर्ष हजारों करोड़ रुपए की बढ़ोत्तरी हो रही है। समाज में आ रहे इस बदलाव के लिए जीवनशैली, सामाजिक प्रतिष्ठा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अनेक वजहें जिम्मेदार हैं। इन वजहों पर एक नजर।





पिछले पांच सालों में अपने देश में पालतू जानवरों के पालने के ट्रेंड में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। पालतू पालनहारे पचास फीसद बढ़ गए हैं। इससे संबंधित बाजार भी बेतहाशा बढ़ा है। इसके साथ ही इस सिलसिले में कई नवाचार भी सामने आए हैं। इस नए 'पेट कल्चर' के पीछे कई तरह के सामाजिक बदलाव काम कर रहे हैं।



## लगातार बढ़ रहा बाजार

गौरतलब है कि देश में पालतू पशु-पक्षियों की खरीद-फरोख्त से जुड़ा दस हजार करोड़ रुपए के आस-पास का बाजार अगले दो बरस तक तकरीबन 14 हजार करोड़ तक और 2032 तक अनुमान है कि 21,000 करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच जाएगा। यह उम्मीद इसलिए कि बीते एक दशक से छोटे-बड़े भारतीय शहरों और कस्बों में पालतू जानवर पालने का ट्रेंड और क्रेज बेतहाशा बढ़ा है और 16 फीसदी से ज्यादा की अप्रत्याशित ऊंची दर से बढ़ता ही जा रहा है।

## बढ़ रहे हैं पेट लवर्स

बेशक देश में पालतू जानवर रखने वालों यानी पेट लवर्स की संख्या बढ़ रही है। देश में तकरीबन 35 करोड़ पंजीकृत पालतू जानवर हैं। साल दर साल इसमें 12 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी हो रही है। इनसे कई गुना गैर पंजीकृत पालतू जानवर हैं और उनकी बढ़त दर इससे दोगुनी होनी तय है। संबंधित सर्वेक्षण बताते हैं कि धनवानों के बड़े आलीशान घरों में ही नहीं निम्न मध्यम वर्ग के छोटे घरों में भी विभिन्न नस्लों के कुत्ते, बिल्ली, पक्षी वगैरह पल रहे हैं। वे अपने अनुरूप पालतू जानवरों को प्राथमिकता दे रहे हैं। अपने देश में कुत्ता सबसे लोकप्रिय पालतू जानवर है, इनकी संख्या करोड़ों में है। अब बिल्ली का चलन भी बढ़ रहा है। लोग मैना, खरगोश, कबूतर, मछलियों के अलावा कछुए और विदेशी पक्षियों को भी पाल रहे हैं। यह चलन छोटे-बड़े शहरों, कस्बों में जिस तरह बढ़ चला है, वह कतई कम होता नहीं दिखता। लोग शौकिया तौर पर पशु-पक्षी पहले भी पालते थे पर अचानक इसमें अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी कुछ चौंकाती है। हर वर्ष छह लाख से अधिक नए लोग पालतू जानवर पालक बन रहे हैं तो निश्चित ही समाज के आचार, विचार, कार्य व्यवहार में कोई ऐसा बदलाव आया है, जिसने उसे इस ओर स्वतःस्फूर्त प्रेरित किया है।

## विदेशों में भी बढ़ रहा ट्रेंड

भारत ही नहीं दुनिया भर में जबरदस्त पेट कल्चर विकसित हो रहा है। भारत समेत कई दूसरे एशियाई देशों में भी पिछले पांच बरसों में 50 फीसद पालतू बढ़ गए हैं। आज दुनिया में एक अरब से अधिक पालतू जानवर हैं। 52 फीसद लोगों के घर में कोई न कोई पालतू जानवर है। अमेरिका, ब्राजील, यूरोपीय संघ और चीन मिलकर संसार के आधे पालतू कुत्ते और बिल्ली रखते हैं। इस साल चीन दुनिया में सबसे ज्यादा पालतू जानवर वाला देश बन गया है। नया 'पेट कल्चर' सुर्खियों में है और इस पर वैश्विक चर्चा चल पड़ी है कि आखिर आधे दशक के भीतर ऐसे कौन से सामाजिक, आर्थिक बदलाव आए हैं कि पालतू जानवरों का बाजार बेतहाशा जोर पकड़ गया? उनकी देखरेख, भोजन, साज संभाल और दीगर जरूरतों, उत्पादों की तेजी और भारी मांग एवं इस दिशा में तकनीकी प्रयोगों तथा नवाचारों ने सबका ध्यान खींचा है।



## पेट कल्चर बढ़ने की वजह

सर्वेक्षणों ने साबित किया है कि पेट कल्चर बढ़ने की बड़ी वजह, शहरी आबादी का बढ़ना, संयुक्त परिवार का टूटना है। फ्लैटों में रहने वाले एकल परिवार अकेलेपन की दवा कुत्ते-बिल्लियों के साथ में तलाश रहे हैं। पालतुओं के अधिकतर मालिक 20 से 30 साल की आयु के 'मिलेनियल्स' हैं। इनमें से ज्यादातर छोटे परिवार, बेहतर या दोहरी आय, अच्छी शिक्षा वाले हैं, जो घर से काम करते हैं। वे देर से बच्चे पैदा करने, जीवनशैली में बदलाव के चलते पालतू पालते हैं। वे उन्हें मौज मजे, खेल का सामान नहीं, बतौर फैमिली मेंबर ट्रीट कर रहे हैं। ये पेट केयर उनके लिए माता-पिता बनने की ट्रेनिंग भी है। माता पिता बच्चों के मानसिक विकास में पालतू जानवरों की भूमिका को समझते हुए उन्हें उनके साथ विकसित होने का मौका दे रहे हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर पालतू जानवरों से जुड़ी सामग्री लोगों को इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। धनिकों के मुहल्लों के अलावा 'पेट कल्चर' उन जगहों पर ज्यादा तेजी से बढ रहा है, जहां 'मध्यम वर्ग' का विस्तार हो रहा है। एक तो पालतू जानवरों के प्रति नजरिया बदला है, कुछ पैसा आया है और अपने स्टेटस को बनाने, बनाए रखने, दूसरों से अलग दिखने के चक्कर में भी वे 'पेट कल्चर' की वृद्धि में सहयोग दे रहे हैं। नौकरी पेशा अकेला युवा, पालतू जानवर को अकेलेपन तथा मानसिक स्वास्थ्य की दवा मानता है, क्योंकि मनोचिकित्सक बताते हैं कि पालतू जानवर तनाव कम करने और खुशी बढ़ाने में मदद करते हैं। बुजुर्ग इसे बुढ़ापे के साथी के तौर पर ले रहे हैं। भारतीय अपने पालतू पर महीने में औसतन पांच हजार खर्चते हैं। हैसियत से बढ़कर व्यय करने में कोताही इसलिए नहीं बरतते, क्योंकि वे उन्हें परिवार का प्रिय सदस्य मानते हैं। सो इससे संबंधित बाजार छलांग लगा रहा है और इसमें प्रतिस्पर्धा के चलते हर दिन नए उत्पाद, नवाचार इस क्षेत्र में शामिल हो रहे हैं। *




### स्वागत को तैयार बाजार-तकनीक

भारत का पेट केयर मार्केट संसार में सबसे तेज बढ़त वालों में से है। यह बाजार अभी 36 हजार करोड़ रुपए का है। अंदाजा है अगले तीन वर्षों में दोगुना और दस वर्षों में आठ गुना होगा। पालतू की देखभाल में ई-कॉमर्स की हिस्सेदारी 35 प्रतिशत पहुंचने जा रही है। व्यापक व्यावसायिक अवसर देख तमाम इंटरनेशनल ब्रांड, देशी स्टार्टअप्स इधर दौड़ पड़े हैं। पालतुओं के लिए रेस्टोरेंट, कैफे और पार्क जहां वे दूसरे जानवरों से मिल सकें, ग्रूमिंग सेंटर, मॉल तो खुलने ही लगे हैं, ओपीडी तथा सर्जरी की बीमा सुविधा का बाजार भी साढ़े छह हजार करोड़ के करीब पहुंच गया है। ज्यादातर नए पालतू पालक मिलेनियल्स और जेन जेड हैं, जिन्हें अपने प्रिय पालतू के लिए किसी भी कीमत पर अनोखे उत्पाद और बेहतर सेवाएं चाहिए। इसलिए साल दर साल बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इस क्षेत्र का बाजार नित नए उत्पाद और सेवाएं प्रस्तुत कर रहा है। जीपीएस और सेंसर लगे स्मार्ट कॉलर पालतू जानवरों की गतिविधि, नींद के पैटर्न और स्वास्थ्य संकेतों की तो खबर रखते ही हैं, उनकी तात्कालिक लोकेशन भी बताते हैं, इसके लिए रिमोट कैमरा मॉनिटरिंग सिस्टम भी आ रहा है। आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस वाले हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के आगत का संकेत देकर उन्हें सचेत करते हैं। पालतू जानवरों के मालिक उनके लिए ऑनलाइन डिजिटल हेल्थकेयर सर्विस तथा टेलीमेडिसिन सेवा के जरिए घर बैठे डॉक्टरी सलाह ले सकते हैं। पालतुओं के इलाज हेतु स्टेम सेल थेरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा तकनीक का भी उपयोग हो रहा है।

---

स्पेशल: इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग, 26 जून

किसी भी परिवार, समाज और देश का भविष्य युवा पीढ़ी के कंधों पर टिका होता है। लेकिन विडंबना है कि बड़ी संख्या में युवा कूल बनने की भ्रामक चाहत में नशे के जाल में फंसने की भूल कर बैठते हैं। ऐसे में जरूरी है युवा पीढ़ी नशे के जाल से बचे रहने का हर संभव प्रयास करे।



# न करें कूल बनने की भूल
# नशे की लत से बचें युवा

सोशल इश्यू
डॉ. मोनिका शर्मा

अभी कुछ समय पहले सर्वोच्च न्यायालय ने युवाओं में बढ़ रही नशे की लत को लेकर चिंता जताते हुए कहा था, 'ड्रग्स का सेवन करना बिल्कुल भी 'कूल' नहीं है। यह खतरनाक है कि आज युवाओं के बीच इसका इस्तेमाल 'कूल' समझा जाने लगा है। यह लत दोस्ती का सबब बन गई है।' युवाओं की ही आम भाषा में चेताते हुए सुप्रीम कोर्ट के शब्द, आधुनिक जीवनशैली और नशा करने को जोड़कर देखने वाली मानसिकता पर चोट करने वाले हैं। न्यायालय की नसीहत, देश के युवाओं को जिंदगी के मनगढ़ंत अंदाज के जाल में फंसने को लेकर चेताती है। साथ ही अजब-गजब छवि गढ़ने के फेर में नशे की लत का शिकार हो जीवन को बिखराव से बचाने की सीख भी लिए है।



**नकारात्मकता से घिरता जीवन:** जमीनी जुड़ाव वाले भारतीय समाज में युवाओं की नई जीवनशैली चिंता का सबब बन गई। युवा पीढ़ी के दिखावटी-बनावटी होते बर्ताव से जुड़ी सबसे बड़ी चिंता नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़ी है। महानगरों में ही नहीं दूर-दराज के गांवों में भी नशे का जाल फैल गया है, जबकि लत का रूप ले लेने वाली नशे की आदत जीवन के हर पहलू पर दुष्प्रभाव डालती है। ऊर्जावान आयुवर्ग में ही बीमारियों का शिकार बना देती है। परिवार का ही नहीं देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं को सदा के लिए दिशाहीन कर देती है। नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक और यहां तक कि मानवीय सोच पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस जाल में फंसे युवा नशीले पदार्थ खरीदने के लिए आपराधिक गतिविधियों तक का हिस्सा बन जाते हैं। हिंसात्मक व्यवहार, सड़क दुर्घटनाएं और स्वयं अपना जीवन छीन लेने जैसी समस्याओं से भी नशे की लत गहराई से जुड़ी है। सुप्रीम अदालत द्वारा भी ड्रग तस्करी के एक मामले की सुनवाई करते हुए युवाओं से समझदारी दिखाने की अपील करते हुए कहा गया कि 'यंगस्टर्स को भी यह समझना होगा कि ड्रग्स के इस्तेमाल से दूर रहें और अपने विवेक का इस्तेमाल करें। ना केवल दोस्तों के दबाव में आकर ड्रग्स लेने की प्रवृत्ति से दूर रहें बल्कि उन लोगों को अनुसरण करने से भी बचें, जो इसकी लत के शिकार हैं।' यकीनन हर तरह की नकारात्मकता का घेरा कसने वाली इस आदत से युवाओं का दूर रहना ही उचित है।

**आपराधिक गतिविधियों की बड़ी वजह:** शोध पत्रिका 'ड्रग एंड अल्कोहल रिव्यू' द्वारा सेक्सुअल क्राइम और शराब के संबंध पर किए गए सर्वेक्षणों के मुताबिक सेक्सुअल क्राइम के लगभग आधे मामले नशे की हालत में ही होते हैं। ऐसे मामले भी सामने आ चुके हैं, जिनमें नशे के लती युवा चोरी, झूठ और जालसाजी के साथ ही परिवारजनों की जान तक लेने से नहीं चूके। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में शराब पीना मौत और अपाहिज होने का पांचवां सबसे प्रमुख कारण है।

**परिवार-समाज को आगे आना होगा:** न्यायालय ने अपने निर्णय में यह भी कहा है कि 'नशे की लत सामाजिक-आर्थिक और मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर बुरा प्रभाव डालती है। यह देश के युवाओं की चमक को खत्म करने वाली चीज है। इस लत से बचाने के लिए अभिभावकों, समाज और एजेंसियों को गंभीर प्रयास करने होंगे। इस जाल को खत्म करने के लिए सभी अपने-अपने स्तर पर कोशिश करें।' सुप्रीम अदालत ने यह भी कहा है कि 'इस समस्या से बचाव हेतु कुछ दिशा-निर्देश तय करने आवश्यक हैं। साथ ही यह भी सलाह दी है कि स्नेह और सपोर्ट से नशे के जाल में फंसे लोगों को निकालने के प्रयास किए जाएं। ड्रग्स की लत के शिकार लोगों के प्रति हमारा नजरिया उनको सुधारने वाला होना चाहिए।' *

### इसलिए मनाते हैं यह दिवस

**युवाओं में,** ड्रग्स से होने वाले नुकसान की समझ और सजगता को बढ़ाने के लिए हर वर्ष 26 जून को इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग मनाया जाता है। यूनाइटेड नेशंस द्वारा 1989 से मनाया जा रहा यह दिन नशे के खिलाफ अवेयरनेस लाने और लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिवस विशेष रूप से नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त दुनिया बनाने का संदेश देता है। समझना आवश्यक है कि नशे की लत हर तरह से नुकसानदेह ही होती है। नशा चाहे जिस तरह से भी किया जाए, मन-जीवन ही नहीं परिवार, समाज और देश में भी बिखराव ही लाता है।

---

कहानी / संजीव ठाकुर

# अंतहीन

उस बुढ़िया का उससे कोई रिश्ता-नाता नहीं था, लेकिन वह उनके घर की सदस्य जैसी घुल-मिल गई थी। अपना दुखड़ा सुनाती, बिन मांगे ही सलाहें देती और खूब नोक-झोक भी करती। एक अनाम मानवीय रिश्ते को उकेरती मार्मिक कहानी।



यह सुनते ही कि हम लोग यहां से चले जाएंगे, वह रो पड़ती है। उसे चुप कराना हमारे लिए मुश्किल हो जाता है। दो साल हुए हमारे नवगछिया आए। तब से आज तक एक भी दिन ऐसा नहीं हुआ, जब हमारे घर चाय बनी हो और उसे नहीं पिलाई गई हो। सुबह होते ही लाठी खटखटाते वह दरवाजे पर पहुंच जाती और तब तक दस्तक देती रहती, जब तक दरवाजा खोल नहीं दिया जाता। वह आती तो सबसे पहले भाषण देती, 'रोज-रोज कहते हैं सुबह उठा करो, घूमा करो लेकिन तुम मानते ही नहीं!' मैं झूठ बोलते हुए कहता, 'आने दो दूध वाले को, पूछ लेना, आज मैं सुबह-सुबह उसके घर गया था कि नहीं?' फिर कहता, 'लो चाय पियो।' वह चाय पीने लगती और बीच-बीच में अपने उपदेश की पोटली भी खोलती रहती। कभी कहती, 'आज पतोहू डांटी है। कल धकेल दी थी। रात में खाना भी नहीं दी।' हम उसे दिलासा देते हुए चुप कराते और खाने को कुछ न कुछ देते।

काली-कलूटी वह बुढ़िया हमारी कोई नहीं है, न जात की, न गोत्र की। जब पापा की बदली नवगछिया हो गई तो उनके ऑफिस के एक आदेशपाल की मां के रूप में उससे परिचय हुआ था।

जब भी उसे मौका मिलता है, मुझसे पूछने से नहीं चूकती, 'तुम कहां पढ़ते हो?' कभी-कभी तो उसके इस चिर-प्रश्न पर मैं खीज उठता पर कभी बतला देता, 'भागलपुर में।' वह फिर पूछती, 'कहां रहते हो?' मैं बता देता, 'नाथनगर में।' वह बोल पड़ती, 'हां, हमको पता है- वहां एक पुल है, जिसके नीचे से एक तरफ गाड़ी कलकत्ता जाता है, दूसरे तरफ डिल्ली जाता है, पार कर अलीगंज है, फिर मिरजान, फिर नाथनगर है न बेटा!' मैं अपनी हंसी दबाकर कह देता, 'हां, बिल्कुल!' जबकि मिरजान और नाथनगर अलग-अलग दिशाओं में हैं। वह कहती, 'हम सब जानते हैं। भागलपुर में हमरा बहुत लोग रहता है। सूजागंज में भाई का बेटा, अलीगंज में देवर का साला और जेहल (जेल) में बहिन का पोता।' इस पर जब मैं कहता कि 'हां, जेहल में तुम्हारा पोता बंद है शायद चोरी किया था।' तब वह उबल पड़ती, 'तुम खाली-खाली अट-पट बोलते हो। ऊ वहां सिपाही है।' बुढ़िया से मेरा वार्तालाप बहुत मनोरंजक होता था। इससे हमारे घर वाले क्या, आस-पास गुजरने वाले लोग भी हंस पड़ते थे। मैं कहता, 'बूढ़ी माय! तुम्हारा पति तुम्हें स्वर्ग बुला रहा है, जाओ!' वह कहती, 'भगवान की मर्जी, जब चाहे ले जाए।'

मैं कहता, 'मैं भी तुम्हारे साथ चलूंगा।' वह कहती, 'धत! फिर क्या अल-बल कहने लगे हो? तुम्हरा आंग-समांग बढ़िया रहे। तुम तीनों बाप-बेटा सुख से रहो। मरे तुम्हरा दुसमन!'

'अच्छा, वहां रेलवे लाइन पर बड़-गाछ में जो 'जख-बाबा' रहते हैं, वे क्या करते हैं?' एक घिसा-पिटा सवाल मैं करता तो वह कह उठती, 'अरे! बेटा, मत बोलो। नाम भी मत बोलो। ऊ बड़ा गुस्सैल देवता है-चलते गाड़ी को रोक देता है।'

बुढ़िया की इस गंभीर बात से भी मैं हंसी की दो-चार फुलझड़ियां निकाल ही लेता था। मैं अगला प्रश्न करता, 'तुम्हारे पति क्या करते थे?' बुढ़िया जवाब देती, 'ऊ सरदार था। बजार का सब मोटिया का सरदार! सब सेठ लोग उसको मानता था। हमको भी पहचानता था। अब न चलने-फिरने से लचार है। पहले तो घूमते थे। बाजार भी जाते थे।' 'अब यह बताओ सच-सच कि सिकंदर की पत्नी तुमको मानती है कि नहीं?' 'धत! ऊ कंकालिन हमरी पतोहू है? पता नहीं कोन खानदान की है...अरे! बेटा, कुछ मत बोलो! उसका भाय डकेट (डकैत) है। इधरो जेहल गया है।'

'और उसका बाप?'

'ऊ तो अच्छा है। टेलीफोन है। (टेलीफोन ऑफिस में काम करने के कारण बुढ़िया उसे टेलीफोन ही कहती है।) आता है तो अपने बेटी से कहता है-बूढ़ी माय को सताओ नहीं। इसे अच्छा से रखो। मगर कहां मानती है?'

'जानती हो, पापा की बदली छपरा और सिकंदर की बदली पंजाब हो गई है!' किसी दिन झूठ-मूठ का कह देने पर बुढ़िया भड़क जाती, 'तुम्हरे छपरा-खपड़ा आ पंजाब-तंजाब में क्या करेगा वहां जाकर... काहे करता है बदली?'

'अरे! बदली तो साहब करते हैं।'

'एंह! साहब-ताहब! मिले तो मू नोच लें!' इतने में मेरा छोटा भाई राजू आता और कहता, 'दादी! जानती हो, भायजी की शादी ठीक हो गई है।' बुढ़िया पूछ बैठी, 'हां... बेटा सच कहते हो?'

मैं कहता, 'बिल्कुल! लड़की बहुत सुंदर है-एकदम तुम्हारे जैसी!'

'हमरे जैसी? काहे मजाक करते हो बेटा! हम तो काली-कोयली, बिलाय के नोचली हैं।' बुढ़िया कहती तो राजू किसी फिल्मी हीरोइन का फोटो ले आता। फोटो देखकर वह कहती, 'अच्छी तो है, मगर ई फुलपेंट काहे पहनी है? इसका बाल एतना छोटा काहे है?' मैं कहता, 'अच्छा छोड़ो, बारात में तो चलोगी न?'

'हम कैसे जाएंगे? हम तो लंगड़ी हैं!'

'मैं तुम्हें दवाई दे दूंगा दर्द ठीक होने का।'

'खाली ठगते हो! कितने बार बोले, भागलपुर से दवाई लेते आना- वहां का अच्छा होता है। लाते नै हो!'

'अच्छा इस बार आऊंगा तो लेता आऊंगा। उजली वाली दवाई लेता आऊंगा।' 'नहीं, लाल वाला लाना। वही दवा अच्छा होता है।'

बुढ़िया के मन में यह बात बैठ गई है कि सिर्फ लाल वाली दवाई से ही उसकी हड्डी का दर्द, जो कि बहुत दिनों से उसके पैरों में है, छूट सकता है। पर मैं कहां-कहां बिना नाम की लाल दवाई ढूंढ़ता फिरूं? और मैं जानता हूं, अब इस अवस्था में उसका दर्द ठीक नहीं होगा। उसके हरेक दर्द की एक ही दवा है- मृत्यु!...मौत! सबको आनी है, बुढ़िया को भी आएगी। पर इसकी मृत्यु पर इसके घरवालों को जितनी खुशी होगी, उतना ही दुख मेरे घरवालों को होगा। इसकी मौत पर मेरे घर का एक-एक सदस्य आंसू बहाएगा- सिवा मेरे, क्योंकि मेरी आंखें तब पत्थर की हो जाएंगी और बहने को उतावले आंसुओं की बाढ़ को रोक कर मेरे पूरे शरीर में फैला देंगी जो कि खौलते हुए पानी के समान मेरे शरीर के अंदर अंतहीन वेदना सृजित करेंगी- अनंत वेदना! *


# इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ–



मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राईड ऑफ एम.पी. अवार्ड दिया।

**इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?**
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

**सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?**
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

**किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?**
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

**जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?**
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

**किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?**
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

**एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?**
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

**कितने समय में रोगी घर जा सकता है?**
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

**इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?**
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

**इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?**
इसमें जड़ से इलाज होता है।

**क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?**
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

Advt...

NBC@.

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन– सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in

## धार्मिक-सांस्कृतिक समरसता की मिसाल

# सिंधु दर्शन महोत्सव



इतिहास, धार्मिक आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम है सिंधु दर्शन महोत्सव। लद्दाख के लेह में सिंधु नदी के तट पर आयोजित होने वाले इस वार्षिक महोत्सव में भारत की वैविध्यपूर्ण संस्कृति की झलक देख सकते हैं। आगामी 23 से 26 जून तक आयोजित होने वाले इस सांस्कृतिक महोत्सव की विशिष्टताओं पर एक नजर।

सांस्कृतिक उत्सव
धीरज बसाक

सिंधु दर्शन महोत्सव, जैसा कि इसके नाम से ही पता चलता है, सिंधु नदी से जुड़ा एक उत्सव है। आज भारतीय संस्कृति के गौरव का प्रतीक बन चुका यह सिंधु दर्शन महोत्सव, साल 1997 में आरंभ किया गया था और अब यह उत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। महज 29 सालों में इस महोत्सव ने भारत के कोने-कोने में अपनी सांस्कृतिक धमक पहुंचाई है।

**सांस्कृतिक-ऐतिहासिक महत्ता:** सिंधु नदी का भारत के धर्म और संस्कृति में जो महत्व है, वह तो है ही। इसकी एक ऐतिहासिक और भौगोलिक महत्ता भी है। आज हम सब जिस हिंदू या हिंदुस्तान जैसी आइडेंटिटी को जानते हैं, दरअसल उसका उद्गम स्रोत सिंधु ही है। लेह के लेह शे मनला (लेह से मनाली के बीच का मार्ग) में आयोजित यह महोत्सव हिमालय की खूबसूरती और भौगोलिक सुंदरता के कारण भी भारत की ऐतिहासिकता और भौगोलिकता का गौरव उत्सव माना जाता है।



**ऐसे हुई थी शुरुआत:** इस महोत्सव की शुरुआत सिंधी समुदाय के 'सिंधु दर्शन अभियान' से हुई, जो अब 'सिंधु दर्शन महोत्सव' के नाम से जाना जाता है। लेह कस्बे से करीब 15 किलोमीटर दूर शेय नामक स्थान पर इस महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

**अपने आप में अनूठा महोत्सव:** सिंधु नदी के तट पर पनपी सभ्यता और संस्कृति के अद्भुत संगम को दर्शाता यह उत्सव कई दिनों तक चलता है। आज इस महोत्सव में देश ही नहीं दुनिया के कोने-कोने से लोग आकर इसमें हिस्सा लेते हैं। इस महोत्सव के दौरान सिंधु नदी दर्शन उत्सव और सिंधु नदी के पूजा-पाठ के साथ-साथ लद्दाख की परंपराओं और संस्कृतियों के सम्मान में किए जाने वाले कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है।

**जुटते हैं कई धर्मों के विद्वान:** धार्मिक समभाव और समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण है सिंधु दर्शन महोत्सव। इस महोत्सव के दौरान सनातन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म के विद्वान, आपस में मिल-जुलकर सिंधु नदी की साझी पूजा-अर्चना करते हैं और अपने फलने-फूलने में तरह-तरह से योगदान देने के लिए उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

**विविध संस्कृतियों की झांकी:** इस महोत्सव में देश के अलग-अलग कोनों से अलग-अलग संस्कृतियों की विशिष्ट मंडलियां अपनी उपस्थिति दर्शाकर गौरव और आनंद महसूस करते हैं। इस उत्सव के दौरान सिंधु नदी की पूजा-अर्चना की जाती है। फिर देश के अलग-अलग कोनों से आए कलाकार अपने-अपने क्षेत्र के विशिष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन करते हैं।

**पवित्र नदियों के जल का संगम:** इस महोत्सव में भारत की समस्त महान और पवित्र नदियों से मिट्टी के घड़ों में भरकर जल लाया जाता है और उस पवित्र जल को सिंधु नदी में विसर्जित किया जाता है। इस तरह समस्त भारत की नदियों से जल मिलाकर सिंधु को भारत की पवित्रतम नदी बनाकर उसे पूजा जाता है।

**आयोजन की विशेष व्यवस्था:** इस महोत्सव के लिए लद्दाख में एक विशेष परिसर निर्मित किया गया है। इस परिसर में 500 लोगों के बैठने का एक सभागार, एक ओपन थिएटर, एक एग्जीबिशन गैलरी, एक संगीत कक्ष और एक छोटी सी लाइब्रेरी है, जिसमें सिंधु नदी की महिमा से जुड़ा विशेष साहित्य मौजूद है। इस महोत्सव में भाग लेने वाले लोग, यहां से लद्दाख के हस्तशिल्प से जुड़ी विभिन्न सामग्री खरीद सकते हैं।




**महोत्सव का 29वां संस्करण:** पहली बार दुनिया के धार्मिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में यह महोत्सव तब उभर कर आया था, जब 1997 में इस महोत्सव के पहले संस्करण के दौरान यहां फिल्म 'दिल से' की शूटिंग हुई थी। इस साल इस महोत्सव का यह 29वां संस्करण है, जिसमें बड़े पैमाने पर पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इस साल दो आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई है। जून की शुरुआत में 5 से 8 जून 2025 तक होने वाली सिंधु दर्शन यात्रा का आयोजन खत्म हो चुका है। अब कल यानी 23 जून से 26 जून 2025 के बीच आयोजित होने वाला सिंधु दर्शन महोत्सव का पर्यटक और संस्कृतिप्रेमी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कुल मिलाकर, सिंधु दर्शन महोत्सव अपने सांस्कृतिक अनूठेपन, सर्व-धर्म समभाव और पर्यटन आधारित उत्सव का एक विशिष्ट मंच है। *

## धार्मिक ही नहीं अखंडता का संदेश भी है

# अमरनाथ यात्रा

अगले महीने से आरंभ हो रही वार्षिक धार्मिक अमरनाथ यात्रा की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। आस्था के साथ अखंड भारत का संदेश लिए इस बार की यात्रा कई मायने में विशिष्ट है।



तीर्थयात्रा
एन.के. अरोड़ा

पहलगाम आतंकी हमले के बाद कई लोगों को लग रहा था कि इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए बहुत कम लोग जाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चंडीगढ़, मोहाली और कई दूसरी जगहों पर इस यात्रा को लेकर पिछले सालों के मुकाबले कई गुना ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए। मोहाली में 2023 के मुकाबले 50 फीसदी से ज्यादा रजिस्ट्रेशन बढ़ा। 15 दिनों में 550 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए, जबकि पहले इतने रजिस्ट्रेशन 5 से 6 सप्ताहों में हुआ करते थे।

**कम नहीं हुआ उत्साह:** वास्तव में इस बार देश के कई हिस्सों में लोगों ने आतंकवाद से प्रतिरोध के तौर पर भी अमरनाथ यात्रा जाने का निश्चिय किया। क्योंकि कई श्रद्धालु इस बात से भी इस साल की यात्रा के लिए प्रेरित हुए हैं कि यह धार्मिक सेवा से कहीं ज्यादा देश सेवा होगी। बिहार से लेकर बंगाल तक कई लोगों ने यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराते हुए साफ कहा, 'मैं डरता नहीं हूं, हमारी सेना मजबूत है।' इन लोगों का यह भी कहना है कि इस तरह के हादसे हमारी यात्रा को प्रभावित नहीं करते और यह सच भी है। वास्तव में अमरनाथ यात्रा भले सदियों से हो रही हो, लेकिन इस साल की अमरनाथ यात्रा का बहुत ऐतिहासिक महत्व है। इस साल की अमरनाथ यात्रा दूसरे सालों से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। क्योंकि 22 अप्रैल 2025 की घटना से एक तरह से लोगों को मानसिक रूप से डराने की कोशिश की गई थी। लेकिन इसके बाद भी जिस तरह से लाखों श्रद्धालु यात्रा के लिए आगे आ रहे हैं, वह अपने आप में आतंक के खिलाफ एक धार्मिक प्रतिरोध की मिसाल है। खासतौर पर पंजाब, यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र और बिहार राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराकर आतंकवाद को मुंहतोड़ चुनौती दी है।

**सरकार भी है मुस्तैद:** सरकार भी अमरनाथ यात्रा के लिए किसी तरह की कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जिस तरह से सीआरपीएफ, बीएसएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त तैनाती हो रही है, जिस तरह से ड्रोन सर्विलांस, एआई आधारित ट्रैकिंग, हाईवे सुरक्षा और बेहतर मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी व्यवस्थाएं की जा रही हैं, उससे पता चलता है कि सरकार अमरनाथ यात्रा को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और धार्मिक संगठनों ने भी लगातार संदेश दिया है कि आतंकवाद के आगे आस्था घुटने नहीं टेक सकती। इस साल की यात्रा इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि यह दिखाएगी कि कश्मीर घाटी में आम लोगों की सोच आतंक के खिलाफ बदल रही है और धार्मिक सहिष्णुता को नया समर्थन मिल रहा है।

### यात्रा की प्राचीन परंपरा



अमरनाथ यात्रा का इतिहास बहुत पुराना है। इसके प्रमाण शिव पुराण जैसे धार्मिक ग्रंथ में मिलते हैं। भगवान शिव ने माता पार्वती को अमरकथा सुनाने के लिए जिस स्थान का चयन किया था, वह अमरनाथ गुफा ही थी। अगर इस यात्रा को ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो पहली बार इसका उल्लेख 11वीं सदी में कश्मीरी इतिहासकार कल्हण के 'राजतरंगिणी' में मिलता है।

**डरे नहीं तीर्थयात्री:** भक्तों की आस्था का ही बल है कि कितना भी उन्हें डराने का प्रयास किया जाता रहा हो लेकिन देश के लोगों ने कभी भी अमरनाथ की यात्रा करना नहीं छोड़ा, क्योंकि अमरनाथ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि देश के आत्मबल का संदेश भी है। इसलिए अगर 2025 की यात्रा पिछले सालों से कहीं ज्यादा श्रद्धालुओं से भरी-पूरी हो तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। *

बिहेवियर
शिखर चंद जैन



जब भी कोई हमारी आलोचना या बुराई करता है तो बुरा लगता ही है। लेकिन हर छोटी-छोटी बात पर बुरा मानकर रिएक्ट करना या उदास होना सही नहीं। ऐसे में क्या करें, आपको जरूर जानना चाहिए।

# क्या करें, जब कोई करे आलोचना

अनिकेत बेहद भावुक युवक है। कोई उसकी जरा सी बुराई कर दे या उसके काम में कमी निकाल दे तो वह घंटों तक उदास रहता है। उसका मूड ऑफ हो जाता है और रूटीन पूरी तरह डिस्टर्ब हो जाता है। जबकि उसका बेस्ट फ्रेंड दीपांशु उसे हमेशा समझाता है कि हर किसी की बात को दिल पर नहीं लेना चाहिए। हमें खुद की प्रतिभा और निर्णय क्षमता पर विश्वास रखना चाहिए। दूसरों द्वारा कही गई बातों को दिल से लगाकर बैठने के बजाय अगर हम खुद में कुछ सकारात्मक बदलाव लाएं तो इस तरह के सिचुएशंस को आसानी से हैंडल कर सकते हैं।

**अहंकार ना करें:** कई बार लोग स्वयं को परफेक्ट और किसी भी प्रकार की कमी से ऊपर मानते हैं। ऐसे में कोई कुछ कह दे तो उनके अहं पर चोट पहुंचती है। 'अमुक व्यक्ति की हिम्मत कैसे हुई मुझे ऐसा कहने की? क्या वह जानता नहीं कि मैं कौन हूं?' इस तरह के भाव और विचार उसे उद्वेलित कर देते हैं। ऐसे में वह व्यक्ति स्वयं के व्यर्थ अहंकार पर काबू पा ले और समझ ले कि दुनिया में कोई भी परफेक्ट नहीं होता, तो किसी के द्वारा की गई छोटी-छोटी आलोचनाओं पर वह दुःखी नहीं होगा।

**लोगों का काम है कहना:** एक मशहूर फिल्मी गीत है 'कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना।' अगर कोई बेवजह, सिर्फ आपको नीचा दिखाने या दुःखी करने के लिए आपमें कमियां निकाले तो ऐसी सिचुएशन में इस लोकप्रिय गीत को अपना मूल मंत्र बना लीजिए। अगर कोई आपकी आलोचना करे तो उत्तेजित होकर उससे उलझने के बजाय उसे तर्कपूर्ण जवाब दें। हो सके तो उसे नजरअंदाज करें।

**चर्चा से मतभेद दूर करें:** धैर्य रखना और भावनाओं की अभिव्यक्ति का सही तरीका मालूम होना, बेहद जरूरी कौशल है। कोई व्यक्ति आपसे विरोध जताता है या आपकी आलोचना करता है तो उसे पूरी तरह नकारने की बजाय बैठकर चर्चा करें। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखते हुए उसकी बात पर विचार करें और उसके द्वारा की जा रही आलोचना के निश्चित बिंदुओं पर उससे विमर्श करें। यहां विमर्श का उद्देश्य उसे फटकारना, दुत्कारना या नीचा दिखाना नहीं बल्कि उसके द्वारा की जा रही आलोचना की वजह और उसके मन को समझना होना चाहिए। यहां आपको यह भी समझना होगा कि कहीं आलोचक के मन में आपके प्रति कोई दुर्भावना तो नहीं। अगर ऐसा है तो आप तर्कों के सहारे भी उसे अपनी बात नहीं मनवा सकेंगे। इसलिए कोई कोशिश करना ही व्यर्थ होगा।



**फीडबैक के लिए कहें थैंक्स:** अकसर लोग पूर्वाग्रह की वजह से किसी निष्पक्ष आलोचक की हर बात को नकारात्मक रूप में ले लेते हैं। जबकि कई बार सामने वाला इंसान हमें हमारी वास्तविक कमियां इसलिए बताता है, ताकि हम अपनी कमियों को दूर कर और अधिक बेहतर कर सकें। ऐसे में खुले मन से बातें सुनकर आप किसी के द्वारा दिए गए फीडबैक को अपनी बेहतरी के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको फीडबैक देने वाले के प्रति कृतज्ञता भी जाहिर करनी चाहिए। आपके इस एटीट्यूड से लोगों को लगेगा कि आप उनके दिए हुए फीडबैक से चिढ़ते नहीं हैं बल्कि शांत भाव से सुनते हैं। तभी वे आगे भी आपके सामने अपनी राय बेबाकी और निष्पक्षता से जाहिर करेंगे।

**ये चार स्टेप्स हैं जरूरी:** जब कोई आपकी आलोचना करे तो आप यहां बताए जा रहे चार स्टेप्स को फॉलो करके आलोचना के नकारात्मक प्रभाव से बच सकते हैं।

- आलोचक को जवाब देने से पहले शांत होकर बैठ जाएं। अगर कुछ कहना चाहते हैं तो शब्दों के चयन में नरमी बरतें।
- अपने प्रति किसी की आलोचनात्मक बातें सुनकर गुस्सा आ जाए तो तुरंत रिएक्ट ना करें। सोच-समझ कर बाद में जवाब दें।
- अपने रूटीन को किसी आलोचक की वजह से बाधित न होने दें। ध्यान रहे, किसी के विचार आप पर इतने हावी ना हों कि वह आपको डिस्टर्ब कर दें।
- आमतौर पर आप बुराई करने वालों को इग्नोर करने की नीति अपनाएं। लेकिन पानी सिर से ऊपर निकल जाए तो स्पष्ट रूप से कह दें- कृपया आप मेरे बारे में कोई टिप्पणी न करें। *

अपने करियर के व्यस्ततम और सफलतम दौर से गुजर रहीं नीना गुप्ता अभिनीत 'पंचायत' वेब सीरीज का चौथा सीजन 24 जून को प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाला है। इस मौके पर इस सीरीज के पहले के सीजंस की सक्सेस, करियर और पर्सनल लाइफ से जुड़ी नीना से लंबी बातचीत हुई। प्रस्तुत है नीना गुप्ता से हुई उस बातचीत के प्रमुख अंश।

# मैं नेगेटिव किरदार कभी नहीं निभाऊंगी : नीना गुप्ता



खास मुलाकात / पूजा सामंत

**'पंचायत-सीजन 4' रिलीज हो रही है। 'पंचायत' के इस सीजन में ऐसा क्या नया होगा, जो पहले 3 सीजन में नहीं था?**

मैं बतौर लीड आर्टिस्ट इस पॉपुलर वेब सीरीज का शुरू से हिस्सा रही हूं। इसके मेकर हैं अमेजॉन प्राइम और लेखक हैं चंदन कुमार। चंदन कुमार ही हर सीजन में अपनी कलम से इसे एक नया आयाम देते हैं। इसलिए 'पंचायत 4' में क्या नया फ्लेवर होगा, यह तो चंदन कुमार ही बता सकते हैं। हां, मैं इतना जरूर कह सकती हूं कि इस बार यह काफी ह्यूमरस है। सेट पर कई मर्तबा ऐसा हुआ कि निर्देशक विजय वर्गीय और दीपक कुमार मिश्रा को शूटिंग रोकनी पड़ती थी, क्योंकि सेट पर मौजूद हम सभी हंस-हंस कर लोट-पोट हो जाते थे।

**'पंचायत' के अब तक के सभी सीजन में आपके को-एक्टर जितेंद्र कुमार रहे हैं। उनके बारे में कुछ बताइए।**

जितेंद्र कुमार से तो फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' के दौरान ही अच्छी दोस्ती हो गई थी। उस वक्त शूटिंग के लिए हम दोनों बनारस के एक ही होटल में रुके हुए थे। जब भी कलाकार किसी फिल्म या प्रोजेक्ट के लिए आउटडोर में एक साथ शूटिंग करते हैं, तो अकसर उनमें अच्छी बॉन्डिंग हो जाती है। 'पंचायत' की काफी शूटिंग हमने मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के महोड़िया गांव में की। जितेंद्र से दोस्ती तो पहले से थी, अब हम एक-दूसरे को ज्यादा अच्छी तरह समझने लगे हैं। जब कलाकारों में अच्छी मित्रता हो तो वह कैमरे में भी झलकता है, परफॉर्मेंस बेहतर होती है।



'पंचायत' के एक दृश्य में जितेंद्र कुमार एवं साथी कलाकारों के साथ नीना गुप्ता

**'पंचायत' की मंजू देवी का किरदार खूब पॉपुलर हुआ। इस किरदार से आपको एक अलग और नई पहचान मिली। इस पॉपुलैरिटी को कैसे देखती हैं आप?**

मैंने जब से 'पंचायत सीजन 1' किया है, मुझे दर्शक उस समय से 'मंजू देवी' के नाम से जानने लगे हैं, यह मेरी नहीं मंजू देवी किरदार की पॉपुलैरिटी है। मैं देश के किसी भी कोने में जाऊं, मुझे देखकर दर्शक मंजू देवी नाम से पुकारने लगते हैं। हर वर्ग के दर्शकों का प्यार मेरे इस किरदार 'मंजू देवी' को मिला और मिल रहा है।

**आपने 'पंचायत' में नेता का किरदार निभाया है, क्या कभी वास्तविक जीवन में आपको नेता बनने का यानी राजनीति में आने का ऑफर मिला है?**

हां, मुझे राजनीति में शामिल होने का कई बार ऑफर मिला, लेकिन मैंने मना कर दिया। मुझे राजनीति की कोई समझ-बूझ है नहीं, तो वहां जाकर मैं करूंगी क्या? लेकिन जहां तक इस शो 'पंचायत' की बात है, मैंने इस शो में नेता बनना, बड़ा एंज्वॉय किया।

**आपने अपने एक्टिंग करियर में कई तरह के किरदार निभाए हैं। क्या आप कभी नेगेटिव किरदार में भी नजर आएंगी?**

बिल्कुल नहीं! कभी भी नहीं! मैंने अब तक के अपने करियर में सिर्फ एक ही बार नेगेटिव किरदार किया, जिसका मेरे करियर पर बहुत बुरा असर पड़ा। दरअसल, हमारे यहां लोग नेगेटिव, पॉजिटिव कंपार्टमेंट बना देते हैं। नेगेटिव से पॉजिटिव, यह शिफ्टिंग होना आसान नहीं है। एक कलाकार में असीमित संभावनाएं हो सकती हैं। लेकिन इंडस्ट्री कलाकारों को कैटेगरी में डाल देती है, यह गलत है। मेरी राय में एक महिला कलाकार को कभी कॉमेडियन या नेगेटिव किरदार नहीं करने चाहिए।

**कभी आपने 'सांस', 'कमजोर कड़ी कौन' जैसे शो का निर्देशन किया था। अब आप निर्देशन से दूर क्यों हो गईं?**

अब, जब मेरा एक्टिंग करियर बहुत अच्छा चल रहा है, ऐसे में निर्देशन करना यानी खुद का ध्यान भटकाने वाली बात लगेगी। मुझे अभी एक्टिंग पर ही फोकस करना है।

**आप अपने करियर से कितनी सैटिस्फाइड हैं?**

मैं अपने मौजूदा एक्टिंग करियर से खुश हूं। फिल्म और ओटीटी में मुझे बेहतरीन रोल मिल रहे हैं। मेरे टैलेंट का सही इस्तेमाल पहले नहीं हो पाया, लेकिन उस बारे में मेरे दिल में अब कोई मलाल नहीं है। हां, कभी किसी अन्य कलाकार को जब उम्दा रोल मिलता है तो मैं जेलस हो जाती हूं, क्योंकि मैं अच्छे काम, अच्छे किरदारों की भूखी हूं।

**कुछ समय पहले ही आपकी बेटी मसाबा मां बनी हैं और आप बन गईं नानी। आपको नानी बनकर कैसा लग रहा है?**

बेहद खुश हूं, जीवन की इस अनुभूति से। मुझे लगता है मैं उस नन्ही गुड़िया की मां हूं, नानी नहीं। वैसे भी, मुझे 'नीना' कहलाना ही पसंद है, 'नानी' नहीं (हंसते हुए)।' *

### मसाबा के साथ करती हूं गॉसिपिंग

**गॉसिप करना** 'पंचायत' सीरीज का महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्या नीना अपनी पर्सनल लाइफ में भी गॉसिप करती हैं? पूछने पर वह झट से कहती हैं, 'मैं अपनी बेटी मसाबा के साथ गॉसिप करती हूं। गॉसिप के लिए कोई एक विषय या कोई एक व्यक्ति हमारा टार्गेट नहीं होता। हमारे इर्द-गिर्द जो भी घटता है, जिन अनुभवों से हम गुजरते हैं, उनके हर पहलू के बारे में गपशप करना, यही हम मां-बेटी की गॉसिप होती है। हम मां-बेटी गॉसिपिंग का खूब मजा लेते हैं।'

